Title: Need to take effective steps to ensure payment of outstanding dues to sugarcane farmers of Uttar Pradesh.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): उत्तर प्रदेश के गन्ना मूल्य भुगतान में हो रहे विलम्ब से किसान आर्थिक संकट में पड़े हुए हैं क्योंकि गन्ना ही उनकी प्रमुख नकदी फसल है। धन के अभाव में खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित है और मिल मालिक किसानों के करोड़ों रूपये का भुगतान करने में हीला-हवाली कर रहे हैं। अदालती और सरकारी आदेश भी निप्रभावी सिद्ध हुए हैं। देश के सर्वाधिक गन्ना उत्पादक राज्य के किसान बदहाली में जी रहे हैं जिससे गन्ने की खेती का रकबा भी घटता जा रहा है। निजी क्षेत्र की जिस चीनी मिलों पर सर्वाधिक गन्ना मूल्य बकाया है उनमें मेरे संसदीय क्षेत्र की प्रतापपुर चीनी मिल भी है जो काली सूची में डाली गई है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के बकाये मूल्य का भुगतान कराने हेतु प्रभावी कदम उठावे।